## महत्वपूर्ण एवं खास

### आज शाम 4 बजे से दो दिनों के लिए हो सकता है कर्फ्यू जैसे हालात

**» एसएसपी-कलेक्टर दलबल के साथ शहर का कर रहे निरीक्षण**

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए जिला प्रशासन के साथ ही पुलिस प्रशासन भी सख्ती बरतने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि जिले में आज शाम 4 बजे से दो दिनों के लिए कर्फ्यू जैसे हालात बन सकते हैं। जिला प्रशासन से जुड़े सूत्रों ने बताया कि शहर की स्थिति देखने के लिए आज एसएसपी-कलेक्टर और वरिष्ठ अफसरों ने शहर में भ्रमण कर शहर के हालातों का जायजा लिया है। सड़कों पर बेवजह घूमने वालों के खिलाफ जहां पुलिस सख्ती बरत रही है तो वहीं अब जिले में कर्फ्यू जैसे हालात बन सकते हैं। आवश्यक कार्य निपटाने के लिए प्रशासन ने वैसे भी लोगों को काफी छूट दे रखी है। लेकिन चंद लोग इस छूट का गलत फायदा उठाते हुए सड़कों पर बेवजह घूमने निकल रहे हैं। इन चंद लोगों की गलती की सजा काफी भयावह हो सकती है और संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। लिहाजा इस स्थिति से निपटने एक तरह से अघोषित कर्फ्यू लागू हो सकता है। इसका प्रायोगिक परीक्षण आज शाम 4 बजे से ही किया जा सकता है जो कि आने वाले दो दिनों के लिए हो सकती है। केन्द्रीय गृहसचिव अजय भल्ला द्वारा लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराए जाने का पत्र मिलने के बाद से ही आला अफसरों की चिंताएं बढ़ गई हैं। लिहाजा आज शाम 4 बजे से कर्फ्यू जैसे हालात बन सकते हैं, इस दौरान सड़कों पर बेवजह घूमने वालों के खिलाफ अब और ज्यादा सख्त और त्वरित कार्यवाही होगी।

### शराब दुकान खोलने से ज्यादा जरूरी 15 अप्रैल से टोकन धारी किसानों का धान खरीदना

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य आंदोलनकारी प्रदेश किसान नेता श्री अनिल दुबे,लालाराम वर्मा, महेंद्र कौशिक, चेतन देवांगन, गिरधारी ठाकुर,ईश्वर साहू,अशोक ताम्रकार, गोवर्धन वर्मा,चंद्रप्रकाश साहू,केशरी जैन ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लॉक डाउन में जल्दबाजी कर शराब दुकान खोलने में लगी है। वहीं महीनों से किसान अपने धान का टोकन लिये हुए धान बेचने के लंबे इंतजार में लॉक डाउन के शिकार हैं।सभी जिला मुख्यालयों में 15 अप्रैल से मुख्यमंत्री मुनादी करके जिन किसानों का टोकन कटने के बाद धान खरीदी नहीं हुई है उनसे सीधी मुलाकात कर धान खरीदी की व्यवस्था करें और छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ियों के 21 दिन के लॉक डाउन ने साबित कर दिया है कि छत्तीसगढ़ शराब के बिना सभ्य समाज को शक्तिशाली बनाने में सक्षम है।कांग्रेस के घोषणा पत्र के शराब बंदी का पूर्ण करने का लॉक डाउन शुभ अवसर है सरकार 25 जून तक शराब लॉक डाउन की घोषणा करे। शराब जो स्वाथ्य के लिए हानि कारक होने के साथ ही साथ फेफड़े को कमजोर करता है जो कोविड-19 कोरोनो पीड़ित होने की अधिकता हो जाती है। सरकार किसानों के धान ख़रीदी पर अपनी पूरी ताकत लगाए और हर हाल में कांग्रेस के घोषणा पत्र का पालन करते हुये शराब छत्तीसगढ़ लॉक डाउन हो जाय।

### महापौर के प्रयास से जरूरतमंद गरीब परिवारों के बीच 1000 राशन पैकेट का वितरण

**रायपुर (आरएनएस)।** लॉक डाउन में बेहाल हो रहे गरीब परिवारों तक राशन पहुंचाने की मुहिम में जुड़े रायपुर के महापौर ने आज करीब एक हजार लोगों तक राशन सामग्री का पैकेट बंटवाया है। निगम सूत्रों ने बताया कि संकट की इस घड़ी में महापौर एजाज ढेबर ने सामजिक संस्थाओं और कई संगठन के बीच अच्छा तालमेल बिठाते हुए ऐसे जरूरतमंद परिवारों तक राशन पहुंचाने का काम कर रहे हैं जो लॉकडाउन के चलते दोवक्त की रोटी भी नहीं जुगाड़ सकते। इसी क्रम में आज नगर निगम जोन दो के सभी वार्डों में निवासरत जरूरतमंद गरीब परिवारों के लिए महापौर की ओर से एक हजार राशन पैकेट का वितरण कराया गया है। महापौर ने जोन के आयुक्त को तत्काल अभि यान चलाकर गरीब जरूरतमंद परिवारों को हर वार्ड में 100 पैकेट अनाज देने का निर्देश दिया है। जरूरतमंदों तक अनाज पैकेट तत्काल पहुंच सके, इसके लिए स्वयंसेवी संगठनों की भी मदद ली जा रही है। इसके अलावा निगम अमला भी इस कार्य से जुड़ा हुआ है। महापौर ने गरीबों तक अनाज पहुंचाने के कार्य को समाजहित में प्राथमिकता के साथ पूरा कराने का निर्देश दिया है।

# उचित मूल्य की दुकानें दिन भर खुली रहेंगी

**» मास्क, हैण्ड सैनेटाईजर, साबुन आदि आवश्यक सामग्री बेचने की मिलेगी अनुमति » खुलने एवं बंद होने के समय का बोर्ड लगाना अनिवार्य**



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए किए गए लॉकडाउन के दौरान प्रदेश के सभी उचित मूल्य की दुकानों को पूरे दिन भर खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं।

खाद्य विभाग द्वारा कलेक्टरों को जारी पत्र में नोवेल कोरोना वायरस के प्रसार पर रोक लगाने के लिए मास्क, हैण्ड सैनेटाईजर, साबुन आदि की मांग होने पर इन सामग्रियों को उचित मूल्य के दुकानों के माध्यम से विक्रय करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राशन दुकानों में खाद्यान्न वितरण के दौरान ज्यादा संख्या में हितग्राहियों को एकत्र होने से रोकने के लिए खाद्यान्न वितरण का समय बढ़ाने के निर्देश दिए हैं । इस संबंध में भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा भी राशन सामगी वितरण के समय विशेष सतर्कता बरतने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ।

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं नागरिक आर्पूर्ति विभाग द्वारा राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न वितरण के दौरान अधिक संख्या में हितग्राहियों को एकत्रित होने से रोकने के लिए खाद्यान्न का वितरण पूरे दिन करने के साथ ही खाद्यान्न वितरण के समय एवं दिवसों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण के लिए उचित मूल्य की दुकानों को पूरे माह खुला रखने रखने को कहा गया है । उचित मूल्य दुकान संचालकों के द्वारा खाद्यान्न वितरण के संबंध में हितग्राहियों के लिए सभी आवश्यक सूचनाएं जैसे- दुकान के खुलने एवं बंद होने का समय, दर, पात्रता, खाद्यान्न के प्रकार आदि की जानकारी का प्रदर्शन उचित मूल्य के दुकानों के अंदर एवं बाहर कम से कम 2 से 3 स्थानों पर करने के निर्देश दिए गए हैं। उचित मूल्य की दुकानों में राशन सामग्री वितरण के दौरान हितग्राहियों के कतारबद्ध होने पर उनके मध्य कम से कम एक मीटर की दूरी रखने। इसके लिए कतार में प्रत्येक एक मीटर की दूरी पर जमीन में गोल या चैकोर निशान बनाए जाने। नोवेल कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए चेहरे को ढकने के लिए सामान्य सर्जिकल मास्क-रूमाल का उपयोग करने। सैनेटाईजर का भी उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने विधायकों को लिखा पत्र

**» संकट की इस घड़ी में क्षेत्र के समस्त नागरिकों के सहयोग हेतु रहे सदैव तत्पर**

**» विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों से किया आग्रह**



**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने आज प्रदेश के समस्त विधायकों को एक पत्र लिखा है जिसमें उल्लेख किया है कि कोरोना वायरस के कारण पूरे विश्व में असुरक्षा और भय का वातावरण बना है जिससे छत्तीसगढ़ राज्य भी अछूता नहीं है। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार के निर्णय,प्रयास एवं चिकित्सा के प्रति जागरूकता के परिणाम स्वरूप अभी कोरोना वायरस को प्रदेश में नियंत्रित करने में हमे सफलता मिली है।

इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रदेश का चिकित्सा विभाग बधाई का पात्र है। डॉ महन्त ने समस्त विधायकों से अनुरोध किया है कि संकट की इस अभूतपूर्व घड़ी में अपने कार्यों से यह सुनिश्चित करने का प्रयास करें।


## गांव में अचानक कश्मीरी युवक की मौजूदगी से मचा हड़कंप

**» प्रशासनिक अधिकारियों की जांच,कहा मौका मिलते ही करेंगे आइसिलेट**

**जशपुर (आरएनएस)।** वैश्विक महामारी कोरोना को लेकर दुनिया भर में हाहाकार मचा हुआ छत्तीसगढ़ के नगर गांव कस्बों में भी इसका काफी असर देखा जा रहा है असर यहां करोना का नहीं बल्कि करोना ना फेलने से बचने के लिए गांव वालों ने सावधानी की सावधानी बरतने की तरीको की है। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थल गाँव से आ रही है।यहां के तमता में एक कश्मीरी युवक के होने की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने हंगामा खड़ा कर दिया है।बताया जाता है कि तमता के लोगों को आज इस बात की जानकारी हुई कि उनके गाँव मे कश्मीर का एक युवक रह रहा है ।ये जानकारी आते ही ग्रामीणों के कान खड़े हो गए और इसकी जानकारी तत्काल ग्रामीणों ने पूलिस को दी। पत्थलगाँव एसडीओपी ने बताया कि युवक 1 या 2 मार्च को ही यहाँ किसी एजेंसी के काम से आया था लेकिन एजेंसी का काम होते होते काफी देरी हो गयी तबतक देश भर में लॉक डाउन हो गया जिसके चलते उसे यहाँ ठहरना पड़ा।

## एयर इंडिया ने घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा बुकिंग पर 30 अप्रैल तक लगाई रोक

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के कारण एयर इंडिया ने अपनी घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा पर 14 अप्रैल से बढ़ाकर 30 अप्रैल तक रोक लगा दी है। इस रोक के साथ एयर इंडिया विमान की बुकिंग भी रद्द कर दी गई है।



सोशल मीडिया पर एयर इंडिया के प्रवक्ता द्वारा शेयर की गई जानकारी के अनुसार शुक्रवार से 30 अप्रैल तक एयर इंडिया की सभी वाहनों की बुकिंग बंद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि 'हम 14 अप्रैल के बाद के फैसले की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इधर दूसरी ओर इंडिगो, स्पाइस जेट और गोएयर ने कहा है कि वे 15 अप्रैल से घरेलू उड़ानों के लिए बुकिंग कर रहे हैं। स्पाइस जेट और गोएयर ने कहा है कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 1 मई से टिकट की बिक्री शुरू कर दी है।

## कल रात 9 बजे केवल विद्युत लाईटें ही करें बंद, विद्युत अमले की अपील

**रायपुर (आरएनएस)।** देश में छाए कोरोना संक्रमण के मध्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर कल पांच अप्रैल को लोगों द्वारा 9 मिनट के लिए विद्युत सेवा न लेते हुए दीपक जलाकर रौशनी की जाएगी। इसी क्रम में सीएसपीडीसीएल ने भी प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अपने-अपने घरों की लाईटें बंद कर इस मुहिम में शामिल हों। हालांकि विद्युत विभाग के इंजीनियरों ने बताया कि इस दौरान लोगों को केवल लाईटें बंद करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विद्युत से चलने वाले अन्य उपकरणों के प्रयोग पर कोई आपत्ति नहीं है, केवल घरों की लाईटें बंद करना ही पर्याप्त है। ज्ञात हो कि पीएम श्री मोदी ने कल 5 अप्रैल को रात 9 बजे देशवासियों से अपने-अपने घरों की लाईटें 9 मिनट के लिए बंद करने और नौ दीपक जलाने का आव्हान किया है। इससे लोगों को इस मुसीबत से निपटने के लिए हौसला मिलेगा, प्रत्येक व्यक्ति के अंदर यह भावना जागृत होगी कि संकट की इस घड़ी में वह अकेला नहीं बल्कि पूरा देश उसके साथ है। विद्युत विभाग ने भी इस पहल पर लोगों से अपील की है कि वे कल रात 9 बजे केवल अपने-अपने घरों की लाईटें, बल्ब आदि ही बंद करें।

## कोरोना : बेवजह सड़कों पर घूमने वालों पर पुलिस हुई और सख्त




» छत्तीसगढ़ में अब तक कोरोना नियंत्रण में

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना संक्रमण के चलते छत्तीसगढ़ सहित पूरे प्रदेश में जारी लॉकडाउन के बाद भी कुछ लोगों की नादानी फिर से एक बड़ी मुसीबत का सबब बन सकता है। शहर में पिछले 2-3 दिनों से घर से बेवजह बाहर निकलने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसे देखते हुए अब जिला प्रशासन के साथ ही पुलिस भी सख्त हो गई है।

एक ओर छत्तीसगढ़ में कोरोना का संक्रमण का आंकड़ा धीरे-धीरे कम हो रहा है, एम्स में भर्ती संक्रमित मरीज स्वस्थ्य होकर अपने घर जा रहे हैं तो वहीं राजधानी रायपुर में लॉक डाउन का उल्लंघन कर सड़कों में बेवजह घूमने वालों के चलते कोरोना संक्रमण का खतरा और ज्यादा बढ़ने लगा है। यह राहत की बात रही है कि राज्य सरकार ने कोरोना संक्रमण के मद्देनजर त्वरित कड़े कदम उठाए और सख्ती बरती। पूरे प्रदेश की सीमाओं के साथ ही राज्य के अंदर जिलों की सीमाओं को भी सील कर दिया गया। इसका असर यह हुआ कि पूरे देश में छत्तीसगढ़ में कोरोना पीड़ितों की संख्या काफी कम है। इसके अलावा यहां कोरोना संक्रमण को लेकर भारी सुरक्षा बरती जा रही है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में कोरोना पीड़ितों की संख्या काफी कम है। राहत की बात यह भी है कि एम्स में कुशल चिकित्सकों की निगरानी में इन संक्रमित मरीजों का तत्काल उपचार शुरू किया गया और मरीज भी स्वस्थ्य होकर अपने घर जा रहे हैं। मगर लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों के चलते संक्रमण का खतरा एक बार फिर से बढ़ने लगा है। सड़कों में बेवजह घूमने वालों के चलते जहां पुलिस प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है।

## रायपुर स्मार्ट सिटी की सड़क पर उतरी सेनेटाइजर स्प्रेयर मशीन

**» एक बार में 240 लीटर दवा का छिड़काव करेगी मशीन**



**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर महापौर एजाज ढेबर की पहल पर कोरोना वायरस से बचाव के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी व नगर निगम ने एल्कोहलिक स्प्रे के लिए यांत्रिक तरीका निकाला है। रायपुर व दुर्ग के फैब्रिकेटर्स की मदद से एक ऐसा चलित वाहन तैयार किया गया है जिसके माध्यम से एक बार में 240 लीटर दवा का छिड़काव किया जा सकता है। नगर निगम कमिश्नर व स्मार्ट सिटी एम.डी. सौरभ कुमार ने इस स्प्रेयर मशीन के कार्य प्रणाली की जानकारी ली और तत्काल इसे छिड़काव कार्य में लगाने के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर जोन क्रमांक 2 के देवेंद्र नगर के सेक्टर इलाके के भीतरी क्षेत्रों में छिड़काव भी शुरू कर दिया गया है।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के जीएम तकनीकी एसके सुंदरानी ने इस संबंध में बताया कि इस तिपहिया वाहन की खासियत यह है कि शहर की चौड़ी सड़कों से लेकर 4 फीट की गलियों में भी इसका उपयोग किया जाएगा। इससे कम समय में ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों को सेनेटाइज किया जा सकता है।

## आत्म समर्पित नक्सली बना रहा है मास्क



**सुकमा (आरएनएस)।** जिले मे नक्सलियों के खोखली विचार धारा को छोड़कर कुछ दिन पहले आत्म समर्पित नक्सली मड़कम लक्खा के द्वारा पुलिस लाइन सुकमा में अपने हुनर का उपयोग करते हुए कपड़े का मास्क तैयार किया जा रहा है। इस मास्क का उपयोग सुकमा जिले के सभी पुलिस कर्मी और जरूरतमंद लोग इसका उपयोंग कर सकेंगे। सुकमा एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि लक्खा को नक्सली गलत कामों मे लगाते थे, हमारे पास आकर लक्खा एक अच्छा इंसान बना है। कोरोना जैसे बीमारी से बचने सैंकड़ों मास्क स्वयं बना रहा है। उन्होने सभी भटके हुए नक्सलीयों को मुख्यधारा से जुड़कर अपने जीवन को सार्थक बनाने का आह्ववान किया है।

## ओड़िशा के श्रमिकों को लाभांडी आश्रय स्थल में मिली पनाह

**रायपुर।** कोरोना की रोकथाम के लिए रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम ऐसे श्रमिकों एवं बेघर की व्यवस्था करने में जुटी हुई है जिन्हें भोजन और रुकने के लिए आश्रय की तलाश है। प्रशासन ऐसे लोगों को लाभांडी स्थित आवासीय परिसर में ठहरा रही है। आज ऐसी ही मिली एक महत्वपूर्ण सूचना पर अधिकारियों के दल ने त्वरित कार्यवाही करते हुए निजी होटल में काम करने वाले ओड़िशा के एक ही परिवार के चार सदस्यों को सहायता पहुंचाते हुए लाभांडी आश्रय स्थल में ठहराया।

## स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के सूखा राशन का 90 प्रतिशत से अधिक वितरण

**रायपुर।** प्रदेश के स्कूलों में राज्य शासन के निर्देशानुसार मध्यान्ह भोजन के तहत 40 दिनों का सूखा राशन दाल और चावल का 90 प्रतिशत से अधिक का वितरण कर दिया गया है।

योजना के तहत प्राथमिक शाला के प्रत्येक बच्चे के पालकों को 4 किलोग्राम चावल और 800 ग्राम दाल तथा उच्चतर माध्यमिक शाला के प्रत्येक बच्चे के पालकों को 6 किलोग्राम चावल और 1200 ग्राम दाल का वितरण किया जा रहा है। अबूझमाड़िया पालकों ने परम्परागत



दोना में ग्रहण किया बच्चों का सूखा राशन और सोशल डिस्टेंसिंग का रखा पूरा ख्याल। नक्सल प्रभावित जिला नारायणपुर के 568 स्कूल, शाला आश्रमों के बच्चों के 22491 पालकों को 2,24,910 किलो चावल और 40,484 किलो दाल चालीस दिनों के लिए वितरण किया गया है। विकासखण्ड ओरछा (अबूझमाड़) मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर धुर नक्सल हिंसाग्रस्त गांव छोटेटोण्डाबेड़ा में संचालित शाला आश्रम में अध्यनरत बच्चों के अभिभावकों ने परम्परागत तरीके से सिहाड़ी पेड़ के पत्तों से तैयार किये दोना में सूखा राशन ग्रहण किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं. 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU